# Proceeding of Meeting of the Academic Council, Dated – 10.02.2024

1) **Welcome of Members of the Academic Council.**

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कुलपति महोदय एवं अकाद्मिक परिषद् के सदस्यों का स्वागत किया।

2) **Confirmation of proceeding of 1st meeting of the Academic Council, dated - 26.08.2023**

तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा अकाद्मिक परिषद् की दिनांक – 26.08.2023 को संपन्न प्रथम बैठक में लिये गये निर्णय के संबंध में माननीय सदस्यों को अवगत कराते हुए इसकी संपुष्टि के लिये आग्रह किया गया।

निर्णय लिया गया कि इसे संपुष्ट किया जाय।

3) **Information regarding academic activities of JSOU since first meeting of the Academic Council**

अकाद्मिक परिषद् की दिनांक – 26.08.2023 को संपन्न बैठक के उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा किये शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में माननीय सदस्यों को जानकारी दी गई।

जिसपर उपस्थित सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के क्रियाकलापों की सराहना की गई।

4) **Proposal for Adaptation of Second Amended Regulation, 2022 of the U.G.C. for Open and Distance Learning Programme and Online Programme**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक – 18 जुलाई, 2022 को निर्गत अधिसूचना द्वारा मुक्त एवं दूरस्थ ज्ञान अर्जन कार्यक्रम और ऑनलाइन कार्यक्रम (Open and Distance Learning Programme and Online Programme) विनियम, 2020 में किये गये संशोधन से संबंधित द्वितीय संशोधित विनियम, 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किये जाने संबंधी प्रस्ताव (संबंधित विनियम की प्रति के साथ) माननीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इसे अंगीकृत किया जाय।

10/2/24 10.02.24

**5) Adaptation of Regulation 2020 of DEB (UGC)**

दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक – 04 सितम्बर, 2020 को निर्गत अधिसूचना के माध्यम से मुक्त एवं दूरस्थ ज्ञान अर्जन कार्यक्रम एवं ऑनलाइन कार्यक्रम (Open and Distance Learning Programme and Online Programme) विनियम में किये गये संशोधित विनियम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त एवं दूरस्थ ज्ञान अर्जन कार्यक्रम और ऑनलाइन कार्यक्रम) विनियम, 2020 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किये जाने संबंधी प्रस्ताव (संबंधित विनियम की प्रति के साथ) माननीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

आवश्यक विचार विमर्श करने के बाद सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा संशोधित विनियम को अंगीकृत किया जाय।

**6) Information regarding Virtual Visit of U.G.C. for approval of Under Graduate and Post Graduate Programme**

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने माननीय सदस्यों को सूचित किया कि झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय में Open and Distance Learning (ODL) and Online Programme के तहत् स्नात्क तथा स्नात्कोत्तर स्तर पर अकादमिक परिषद् द्वारा दिनांक – 26.08.2023 को अनुमोदित विषयों में अकाद्मिक सत्र 2023–24 से पाठ्यक्रम के संचालन हेतु दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये प्रस्ताव के आलोक में दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति (Expert Committee) के द्वारा दिनांक – 28.12.2023 एवं 29.12.2023 को वर्चुअल विजिट (Virtual Visit) के माध्यम से वर्चुअल निरीक्षण (Virtual Inspection) किया गया तथा निरीक्षण समिति ने अपना प्रतिवेदन दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को जमा कर दिया है।

इस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा झारखण्ड के गरीब अनुसूचितजाति, अनुसूचितजनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों सहित राज्य के पिछड़े क्षेत्र के ग्रामीण कामगारों एवं विशेषकर गृहणियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने संबंधी किये जा रहे प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि स्नात्क तथा स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम के संचालन हेतु दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली को भेजे गये प्रस्ताव पर यथाशीघ्र अनुमोदन प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाय।

7) **<u>Proposal for approval of SLM prepared for Certificate, Diploma and Post Graduate Diploma, Under Graduate and Post Graduate Courses</u>**

बैठक के दौरान अकादमिक परिषद् के माननीय सदस्यों को यह जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सभी सेमेस्टर से संबंधित Self-Learning Materials तैयार करवा लिये गये हैं एवं उनसे संबंधित Booklets माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

जिसपर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये Self-Learning Materials (SLM) को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया –

- B.A. English
- B.A. Political Science
- B.A. History
- B.A. Economics
- B.A. Hindi
- B.A. Social Work
- B.Com.
- B.B.A.
- M.B.A.
- M.Com.
- B.C.A.
- B.Sc. IT

10/2/24 10.02.24

8) **Proposal for approval of revised PPR format of new courses of Distance Education Bureau (DEB) application**

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये PPR (Programme Project Report) की प्रति माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इसे अनुमोदित किया जाय।

तत्पश्चात् कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करने के उपरांत बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

प्रो0 कुनूल कांडिर
राँची विश्वविद्यालय, राँची

प्रो0 मिथिलेश कुमार सिंह
विनोबाभावे विश्वविद्यालय,
हजारीबाग

श्री जिरेण टोपनो
टाटा स्टील लिमिटेड,
जमशेदपुर

कुलसचिव
झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय,
राँची

कुलपति
झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय,
राँची